वेबसाइट/ई-मेल के माध्यम से

स.12015/05/2019- रा.भा.(त.क.)
राजभाषा विभाग
गृह मंत्रालय

एन.डी.सी.सी. ॥ भवन
चौथा तल, जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 18/02/2022

## कार्यालय ज्ञापन

सचिव, राजभाषा विभाग द्वारा दिनांक 17 फरवरी 2022 को जारी अ. शा. पत्र सं 12015/05/2019-रा.भा.(तक.) के संदर्भ में (प्रति संलग्न) राजभाषा विभाग द्वारा **केवल "केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग" के अधिकारियों हेतु 03 विशेष प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है ।** इन प्रतियोगिताओं का विवरण इस प्रकार है -

**(1) अनुवाद प्रतियोगिता** – प्रत्येक मंत्रालय/विभाग अपने संबंद्ध कार्यालय को शामिल करते हुए **अधिकतम 02 श्रेष्ठ राजभाषा पदाधिकारियों का चयन कर** अनुवाद प्रतियोगिता के लिए उनका विवरण ( नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आदि) **15 मार्च 2022 तक** (निदेशक , केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो) को (dirctb-dol@nic.in) ईमेल पर भिजवाएं। श्रेष्ठ अनुवादकों का चयन प्रत्येक मंत्रालय/विभाग उपयुक्त प्रक्रिया अपनाकर करेगें । अनुवाद प्रतियोगिता की परीक्षा **अप्रैल 2022 में केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो (दीन दयाल अत्योदय भवन, सीजीओ काम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003) में आयोजित की जाएगी।** प्रतियोगिता की तिथि एवं समय प्रतिभागियों को उनके ईमेल पर भेजी जाएगी । प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को हिंदी से अंग्रेजी तथा अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद के दो पैराग्राफ दिए जायेगे जिनका उन्हें अनुवाद करना होगा । सर्वाधिक अंक पाने वाले शीर्ष तीन अनुवादकों को विजेता चुना जाएगा एवं उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा ।

**(2) राजभाषा संबंधी कार्य को प्रेरित करने वाली लघु वीडियो फिल्म-** केंद्र सरकार के कार्यालयों में राजभाषा हिंदी का कार्य बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों से **अधिकतम 60 सेकिंड की लघु वीडियों फिल्में** आमंत्रित हैं । ये वीडियो फिल्में दिनांक 31 मार्च, 2022 तक राजभाषा विभाग (उप सचिव, तकनीकी) को (techcell-ol@nic.in) ईमेल पर भेजी जा सकती हैं । फिल्म का उद्देश्य यह है कि **केंद्र सरकार के कार्यालयों में राजभाषा का प्रयोग बढ़े** । तीन श्रेष्ठ वीडियों फिल्मों को पुरस्कृत किया जाएगा ।

**(3) "कंठस्थ" का ग्लोबल डेटा बेस सुद्दढ़ करने हेतु प्रतियोगिता** - राजभाषा विभाग द्वारा दिनांक **23 फरवरी 2022 से 23 मार्च 2022 के दौरान स्मृति आधारित अनुवाद सॉफ्टवेयर "कंठस्थ" के माध्यम से ऑनलाइन ग्लोबल डेटा बेस सुद्दढ़ करने हेतु प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा**। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य राजभाषा अधिकारियों/अनुवादकों को "कंठस्थ" में काम करने के लिए प्रेरित करना तथा "कंठस्थ" के ग्लोबल डेटा बेस को सुद्दढ़ करना है ताकि इस सॉफ्टवेयर/टूल का प्रयोग करने वाले सभी प्रयोक्ता लाभान्वित हो सकें। प्रतियोगिता अवधि के दौरान सर्वाधिक TM (Translation Memory) जोड़ने वाले शीर्ष तीन अनुवादकों तथा तीन जांचकर्ताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

प्रतियोगिता के समय किसी भी प्रकार की **तकनीकी सहायता** के लिए राजभाषा विभाग की निम्नलिखित टीम सहायता प्रदान करेगी-

| क्रम सं | नाम व पदनाम | मोबाइल नंबर | ई-मेल आई डी |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, उप-निदेशक , राजभाषा | 9891358585 | rajesh.srivastva@nic.in |
| 2. | श्री दीपक कुमार, निरीक्षक | 9568400689 | techcell-ol@nic.in |

आशा है कि सभी मंत्रालयों/विभागों एवं संबंद्ध कार्यालयों में कार्यरत केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के पदाधिकारी (निदेशक, संयुक्त निदेशक, सहायक निदेशक, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी एवं कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी) इन प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेंगे ।

18/2/22
(धर्मराज खटीक)
उप-सचिव (तकनीकी)

प्रतिलिपि ( ईमेल द्वारा) –

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/ विभाग –अनुरोध है कि इन प्रतियोगिताओं को अपने संबंद्ध व अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों की जानकारी में लाएं एवं प्रतियोगिताओं में सहभागिता हेतु प्रोत्साहित करें।
2. सभी मंत्रालयों / विभागों में कार्यरत केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के सभी पदाधिकारी – इस अनुरोध के साथ कि इन प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक सहभागिता करें ।
3. निदेशक , केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो – अनुरोध है कि अनुवाद प्रतियोगिता के आयोजन संबंधी सभी कार्रवाई सुनिश्चित करवाएं ।
4. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इस कार्यालय ज्ञापन को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करवाएँ।
5. सचिव, राजभाषा विभाग के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव को सूचनार्थ।
6. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग के प्रधान निजी सचिव को सूचनार्थ।
7. सभी निदेशक, राजभाषा विभाग को सूचनार्थ।।

**अंशुली आर्या**, आई.ए.एस.
सचिव
**ANSHULI ARYA, I.A.S.**
**Secretary**

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
राजभाषा विभाग
गृह मंत्रालय
**GOVERNMENT OF INDIA**
**DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE**
**MINISTRY OF HOME AFFAIRS**

**अ.शा. पत्र सं. 12015/05/2019-रा.भा.(तक.)** **दिनांक: 17 फरवरी, 2022**

आदरणीय महोदय / महोदया

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय अपने संवैधानिक दायित्वों के अंतर्गत राजभाषा के संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रेरणा और प्रोत्साहन की नीति को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग (CSOL'S) के अधिकारियों हेतु नई दिल्ली में शीघ्र एक विशेष सम्मेलन का आयोजन में करने जा रहा है। केंद्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के अधिकारियों का उत्साह बढ़ाने के लिए आयोजित इस सम्मेलन में **निम्नलिखित 03 राजभाषा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे:**

1. **अनुवाद प्रतियोगिता**
2. **राजभाषा हिंदी लघु वीडियो फिल्म**
3. **"कंठस्थ" का ग्लोबल डेटा बेस सुदृढ़ करने हेतु प्रतियोगिता**

2. केंद्रीय सचिवालय राजभाषा विभाग संवर्ग (CSOL'S) के प्रतिभागियों द्वारा उपरोक्त प्रतियोगिताओं के संबंध में विस्तृत जानकारी राजभाषा की वेबसाइट (www.rajbhasha.gov.in) पर प्राप्त की जा सकती है।

3. इसके अलावा विभाग द्वारा अलग-अलग मंत्रालयों/विभागों के अनुभाग अधिकारी एवं उससे ऊपर के अधिकारियों को (CSOL'S के अतिरिक्त), जो 100% राजभाषा हिंदी में कार्य करते हैं, को यथासंभव प्रोत्साहित करने का प्रयास है। आपसे अनुरोध है कि ऐसे अधिकारियों की सूची भिजवाने की कृपा करें।

4. मैं अनुगृहीत होऊंगी यदि आप अपने मंत्रालय/विभाग एवं संबद्ध कार्यालयों में कार्यरत केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग (CSOL'S) के पदाधिकारियों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आदेशित कर वेबसाइट (www.rajbhasha.gov.in) पर मांगी जाने वाली अपेक्षित सूचनाएं/सामग्री यथासमय भिजवा सकेंगे।

सादर

**शुभेच्छु,**

अं आर्या 17/2

**(अंशुली आर्या)**

<u>भारत सरकार के सभी मंत्रालयों / विभागों के सचिव एवं संबद्ध कार्यालयों के प्रमुख</u>

तृतीय तल, एन.डी.सी.सी.-II भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
फोन : (91) (11) 23438266, फैक्स : (91) (11) 23438267, ई-मेल : secy-ol@nic.in